अपठित गद्यांश : नानी का घर

नीचे दिये गद्यांश को पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर दो:

मेरी नानी का घर, हमारे शहर से बहुत दूर, रानीपुर नाम के एक गाँव में है। वहाँ पहले बस नहीं जाती थी। अब वहाँ एक सड़क बन गई है और बसें भी चलने लगीं हैं। लेकिन रेलगाड़ी अभी भी नहीं चलती। वहाँ एक नदी बहती है, जिसकी सफाई का वहाँ के लोग बहुत ध्यान रखते हैं। नानी के गाँव में बहुत हरियाली है और बहुत तरह की रंग-बिरंगी चिड़ियाँ अपना मधुर गीत सुनाती हैं। वहाँ एक विद्यालय भी है जहाँ बच्चों को सुबह और बड़ों को शाम को पढ़ाते हैं। मुझे नानी के गाँव में खेतों में घूमना बहुत अच्छा लगता है। हम हर साल गर्मी की छुट्टियों में उनके घर जाते हैं।

क) नानी के गाँव का नाम क्या है?

____

____

ख) लेखक अपनी नानी के घर कब जाता है?

____

____

ग) नानी के गाँव के विद्यालय में बड़ों को कब पढ़ाते हैं?

____

UpToSchoolWorksheets Sample

LIVEWORKSHEETS